# बाबा तू परीक्षा मत ले मैं थक गया देते भजन लिरिक्स

बाबा तू परीक्षा मत ले,
मत ले मैं थक गया देते,
आकर के भरोसा दे दे,
दे दे डर कैसा मेरे रहते,
तू ही गर मुंह फेर ले तो,
किस से कहूं ये भी कह दे,
बाबा तु परीक्षा मत ले,
मत ले मैं थक गया देते।bd।

तर्ज – ओय राजू प्यार ना।

---

मैंने सारा जीवन तेरा,
ही गुणगान किया है,
आई मुसीबत तब भी मैंने,
तेरा नाम लिया है,
पर अब ना मैं सेह पाऊंगा,
आकर ये तू सुनले,
बाबा तु परीक्षा मत ले,
मत ले मैं थक गया देते।bd।

---

जो सबको सुख देने वाला,
मुझसे क्यों है रूठा,
या फिर कह दे तेरा मेरा,
रिश्ता ही है झूठा,
गर मैंने की प्रीत है सच्ची,
तो दु:ख मेरे मेट दे,
बाबा तु परीक्षा मत ले,
मत ले मैं थक गया देते।bd।

---

जितनी साँसे बची है मेरी,
तेरे दर पे गुज़रे,
ये जीवन तो गया निखर है,
पर भव भी तो सुधरे,
‘राजू’ ने बस प्रेम है माँगा,
हाथ तेरा अब फेर दे,
बाबा तु परीक्षा मत ले,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बाबा तू परीक्षा मत ले,
मत ले मैं थक गया देते,
आकर के भरोसा दे दे,
दे दे डर कैसा मेरे रहते,
तू हीं गर मुंह फेर ले तो,
किस से कहूं ये भी कह दे,
बाबा तु परीक्षा मत ले,
मत ले मैं थक गया देते।bd।

**Singer & Writer – Rajendra Agrawal Dei**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com